समारोह पूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस, प्रतिभाएं सम्मानित

देशप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से मनाया गया स्वाधीनता दिवस समारोह

गंगापुर सिटी। स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन गवर्नमेंट हायर सैकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने सुबह 9:15 बजे ध्वजारोहण किया।

समारोह में विधायक रामकेश मीणा, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल और पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। एडीएम ने ओपन जीप में सवार होकर राजस्थान पुलिस, एनसीसी और भारत स्काउट एंड गाइड की टुकडियों का निरीक्षण किया।

गंगापुर सिटी में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

उन्होंने राज्यपाल का संदेश जनसमूह को पढकर सुनाया। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने पीटी परेड और व्यायाम प्रदर्शन किया। जवाहर नवोदय स्कूल, अग्रवाल बालिका उमावि और अन्य स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहलगाम आतंकी हमले पर आधारित ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में शिक्षा, खेल और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 46 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। एडीएम ने क्षेत्रवासियों को राज्य और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी का आ ान किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलो के विद्यार्थियो ने व्यायाम प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुती दी।

राजस्थानी लोकनृत्यों ने प्रदेश की स्वाभिमानी मिट्टी और वीरों की धरती का गौरव उजागर किया, वहीं समूह नृत्य और नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से एकता, भाईचारे और शांति का सशक्त संदेश दिया गया। समूह गान ने हिमालय जैसी ऊंचाई और देशभक्ति के अटूट संकल्प को स्वर दिया। क्लासिकल नृत्य की भावपूर्ण मुद्राओं ने देश सेवा का संकल्प जागृत किया।

उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गडगडाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य कार्यक्रम से पूर्व मिनी सचिवालय, एडीएम कार्यालय, पंचायत समिति, कोष कार्यालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग, तहसील कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय सहित विभिन्न सरकारी विभागों में विभागाध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएसपी राकेश राजोरा, डीएसपी संतराम मीणा, कोतवाली थाना प्रभारी करण सिंह राठौड, सदर थाना प्रभारी बने सिंह, उदई मोड थाना प्रभारी, पार्षदगण और बडी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

रामदेवरा दर्शन जा रहे दो जातरूओं की सड़क हादसे में मौत

जोधपुर, (कासं)। रामदेवरा दर्शन को जा रहे दो जातरूओं को एक कार चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि जातरू दिशा भ्रमित अथवा रास्ता भटक गए और गलत दिशा में बाइक को चला दिया। जिससे कार की चपेट में आ गए। मृतक के भाई की तरफ से इस बारे में राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी गई। कार का चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया कि राजसमंद जिले के सोनियान कांकरोली का रहने वाला भैरूलाल और उसके गांव का ललित दोनों बाइक से बाबा रामदेव मंदिर दर्शन को रूणिचा जा रहे थे। यह लोग बाइक लेकर केरू 12 मील पुल पर चढ़ गए थे। बाद में पता लगा कि गाड़ी गलत दिशा में लेकर जा रहे है। तब उन्होंने वापिस उसी मार्ग पर बाइक को उल्टी दिशा में घुमाकर वापिस निकलने लगे। तब एक एचआर नंबर की कार को चालक जोकि जोधपुर से माणकलाव की तरफ जा रहा था, उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार का चालक फरार हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। थानाधिकारी पोटलिया ने बताया कि कार के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। नंबर के आधार पर पता किया तो मालूम हुआ कि कार मालिक ने उसे किसी अन्य को बेच दिया था। अब इसके चालक का पता लगाया जा रहा है। घटना को लेकर मृतक भैरूलाल के भाई नारायण लाल पुत्र रामलाल गाडरी ने रिपोर्ट दी है। अठिाम अनुसंधान जारी है।

पत्थर से लदे मिनी ट्रक ने स्कूली छात्र की जान ली

जोधपुर, (कासं)। शहर में शुक्रवार को स्वाधीनता दिवस समारोह के दिन अलसुबह एयरपोर्ट पुलिस थाना क्षेत्र में रेजीडेंसी रोड पर बाइक पर सवार चार नाबालिग छात्रों की बाइक दुर्घटनाठास्त हो गई। हादसे में एक स्कूली छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर सवार तीन अन्य छात्र घायल हो गए। दो का अस्पताल में उपचार जारी है, एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

बताया जाता है कि छात्रों की बाइक ट्रक के पिछले हिस्से से टकराने के बाद एक छात्र के सिर से ट्रक का पहिया निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन और समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। बाद में घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन के साथ धरना दे दिया गया। शाम को जन प्रतिनिधियों की अगवानी में समझाइश और मुआवजा राशि देने आदि मांगों की सहमति बनने के बाद धरना समाप्त किया गया। चार बच्चों में बाइक कौन चला रहा था, फिलहाल पुलिस ने इसमें कुछ जानकारी होने से इंकार किया गया है।

एयरपोर्ट थानाधिकारी रामकृष्ण ताड़ा ने बताया कि शुक्रवार की

- **तीन अन्य छात्र घायल**

अलसुबह नेहरू कॉलोनी निवासी 12 साल का लोकेंद्र सिंह पुत्र विजय सिंह, 14 वर्षीय प्रदीपसिंह, 17 वर्षीय महावीर सिंह एवं इंद्रा कालोनी निवासी 14 साल का हिमांशु बाइक पर सवार होकर अपनी स्कूल रेजीडेंसी रोड पर जा रहे थे। जब यह लोग होटल रेडिशन के कट से पार होकर स्कूल की तरफ जाने लगे तब वीसी सर्किल के निकट पीछे से आ रहे पत्थर से लदे मिनी ट्रक की चपेट में आ गए। इससे सभी नीचे गिर गए। ट्रक के पिछले हिस्सें का पहिया छात्र लोकेंद्र सिंह के सिर से निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि प्रदीप सिंह, हिमांशु और महावीरसिंह भी जख्मी हो गए। हिमांशु को कम चोट लगने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि प्रदीपसिंह के सिर में गहरी चोट लगी और महावीर सिंह के पैर में चोट लगी है। मामले में प्रथम दृष्टया बताया जाता है कि बाइक फिसलने से यह लोग नीचे गिर गए और फिर पीछे से आ रहे ट्रक ने चपेट में लिया था। जिससे लोकेंद्र सिंह की मौत हो गई। बाद में ट्रक का चालक गाड़ी लेकर भाग गया।

थानाधिकारी रामकृष्ण ताड़ा ने बताया कि ट्रक और चालक को डिटेन किया गया है। ट्रक का चालक श्रवण मेघवाल है जिससे पड़ताल जारी है। आरंभिक पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि बच्चों ने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। सभी छात्र ही थे।

हादसे के बाद पांचबत्ती चौराहे पर परिजनों और समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत और शहर विधायक अतुल भंसाली उनसे बातचीत करने मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को मुआवजा, मामले की निष्पक्ष जांच और आश्रित को संविदा पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। लोकेंद्र की बहन कोमल ने बताया कि मेरे भाई को ट्रक ने कुचल दिया। उसका सिर फट गया था, दिमाग बाहर आ गया था। उसने किसी का क्या बिगाड़ा था? तीन भाई-बहनों में से वह इकलौता भाई था। कोमल ने बताया कि वह खुद 11वीं कक्षा में पढ़ती है, जबकि उसका भाई आठवीं कक्षा में पढ़ता था। मेरे एक ही भाई था, वो भी चला गया।

डंपर की चपेट में आने से बालक की मौत

रेवदर, (निसं)। रेवदर रायपुर। पुलिस थाना मंडार के रायपुर- निंबज सडक मार्ग पर गुरुवार शाम करीब साढे चार बजे एक डंपर चालक ने राह चलते करीब दस वर्षीय बालक को चपेट में ले लिया।

घटना में मौके पर ही बालक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर भील बस्ती के सैकडो लोग भी मौके पर जमा हो गये। इधर सूचना पर मंडार पुलिस भी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। लोडिंग डंपर वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही हुई बालक की मौत के बाद घटनास्थल पर परिजनों व आसपास के सैकडो ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर मंडार पुलिस थाना से एएसआई दिनेश रावल, रेवदर डिप्टी मनोज गुप्ता, रेवदर सीआई सीताराम, हैड कांस्टेबल कांतीलाल मय अतिरिक्त जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे। इधर परिजनो व लोगो ने बालक के शव को मौके से उठाने से साफ इंकार कर दिया। वहीं मौके पर पहुंचे रायपुर सरपंच छगनलाल कोली, समाजसेवी पप्पुसिंह देवडा वडवज, वालाराम चौधरी व बाबुराम भील ने परिजनो से समझाईश करने पर शव उठाने व पोस्टमार्टम के लिए माने। इधर परिजनो द्वारा पोस्टमार्टम के लिए मानने पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल मंडार की मोर्चरी में रखवाया। लोडिंग डंपर वाहन की चपेट में आये दस वर्षीय बालक की मौत के बाद भीड आक्रोशित हो गई। आ ोशित भीड से सडक के दोनों तरफ वाहनो वहीं देखते ही देखते डंपर वाहन में आग लग गयी। आग के बाद थोडी देर में वाहन आग का गोला बन गया तथा धू धूकर जलकर खाख हो गया। इधर पुलिस द्वारा सूचना के बाद आबूरोड नगरपालिका से दो घंटे देरी से दमकल की एक गाडी मौके पर पहुंची। दमकल पहुंची तब तक वाहन जलकर खाख हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया रेवदर व मंडार में दमकल की सुविधा नहीं होने के कारण आए दिन आगजनी की घटना में दमकल की कमी खलती हैं। लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहें।

ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

हत्यारे ने लूट के इरादे से की थी हत्या, एक डिटेन

जोधपुर (कासं)। शहर के मंडोर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को एक वृद्ध महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर आज एक आरोपी डिटेन किया है। हत्या का कारण प्रथम दृष्टया लूट का इरादा बताया गया है। हत्या में कोई और भी शामिल है या नहीं पुलिस फिलहाल पता लगाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस ने बताया कि अस्सी फुट माता का थान निवासी गजरा देवी प्रजापत (70) को रोजाना सुबह बेटा मोटरसाइकिल पर भोमियाजी थान के पास बाड़े में छोड़कर जाता है। गजरा देवी पिछले काफी सालों से बाड़े की जमीन पर बैठकर मटकियां व मिट्टी के बर्तन बेचा करती है। शाम को अंधेरा होने के बाद पड़ौस के दुकानदार की अचानक बाड़ें के भीतर नजर पड़ी, जहां गजरा देवी खाट पर सोती दिखी। दुकानदार ने पास में जाकर देखा उसे सिर से खून बह रहा था। उसने तुरंत गजरादेवी के बेटे को फोन लगाकर बुलाया। गजरादेवी के पैरों के कड़ले, कान की कंठियां, नाक सहित अन्य आभूषण नही थे। महिला के सिर में गहरी चोट लगने से खून खाट के नीचे जमीन पर टपक रहा था। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलवाया। एफएसएल टीम ने नमूने लिए। पुलिस ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता से जांच के बाद आज एक आरोपी को डिटेन किया गया है।

संजना सैनी हत्याकांड में शामिल प्रेमिका ऋतू गिरफ्तार

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। किशनगढ़ सिटी थाना अंतर्गत नक्षत्र वन के पास सात दिन पहले बेरहम पति द्वारा अपनी ही पत्नी की गला रेतकर हत्या करने की सनसनीखेज वारदात में प्रेमिका भी षड़यंत्र में शामिल रही।

पुलिस तफ्तिश के दौरान प्रेमिका ऋतू सैनी की भूमिका सामने आने के बाद इसे गिरफ्तार कर लिया। इसके उकसाने पर उदयपुर कला निवासी चार वर्षीय बिटिया के पिता रोहित सैनी ने साथियो के साथ पत्नी संजना सैनी का चाकू से गला काटकर मौत के घाट उतार दिया था। दरअसल अवैध संबंध के कारण पत्नी और प्रेमिका के बिच अनबन होना ही हत्या का कारण बन गया। इसके लिये पत्नी की हत्या के लिये 9 अगस्त का दिन निश्चित कर दिया। हुआ यूं की भाजपा नेता रोहित सैनी के साथ वाइक से संजना अपने भाई की कलई पर राखी बांध कर पीहर रलावता से ससुराल उदयपुर कला जा रही थी। बिच रास्ते में हथियारो के साथ मौजूद सांवतसर निवासी रवि मेघवाल (20) पुत्र महावीर व एक नाबालिक युवक ने सुनियोजित साजिश के तहत वाइक को घेरकर रोक लिया।

लूट की वारदात को रूप देने के लिये संजना के जेवरात उतारने लगे और पलभर में पति के सामने चाकू से संजना का गला काटकर हत्या कर दी। हत्याकांड के बाद नौटंगीबाज पति ने लूट बताकर पुलिस को गुमराह करना चाहा, किंतु कड़ी पूंछताछ के बाद इसने गुनाह में संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने कातिल पति रोहित, साथी रवि मेघवाल व नाबालिक युवक को पूर्व में धरदबोचा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने प्रेस से रूबरू होकर बताया की शिवाजीनगर निवासी प्रेमिका ऋतू सैनी (25) पुत्री शिवकुमार को हत्या की वारदात को लेकर षड़यंत्र में शामिल होने पर गिरफ्तार कर लिया।

एक ही तालाब में डूबने से गई दो भाइयों की जान, गांव में मातम

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत कुछ दिन पूर्व इसी तालाब में छोटे भाई की भी हुई थी डूबने से मौत।

आसींद थाने के अंतर्गत मालासेरी पंचायत के बटेडा गांव में एक युवक के तालाब में डूबने से मौत हो गई वहीं आसींद पुलिस मौके पर पहुंची वही ग्रामीणों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकाला तब तक युवक की मौत हो गई वही सब को आसींद मोचरी में रखवाया। वहीं ग्रामीण हंसराज ने बताया कि इसी तालाब में अक्टूबर महीने में मृतक अशोक कुमार भील के छोटे भाई

- **कुछ दिन पूर्व इसी तालाब में छोटे भाई की भी हुई थी डूबने से मौत।**
- **ग्रामीणों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकाला**

मुकेश भील उम्र 16 वर्ष की भी डूबने से मौत हुई थी वहीं पुलिस ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर युवक अशोक कुमार भील पिता भवरलाल भील उम्र 26 वर्ष की गुरुवार देर शाम को तालाब में पशुओं को चराते समय पैर फिसलने से डूबने से मौत हो गई वहीं आसपास की ग्रामीणों को तालाब में सब तैरते हुए दिखाई दिया तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची एवं ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला वही शव को आसींद मोचरी में रखवाया। वही ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अशोक कुमार भील के एक लड़का मनीष कुमार बल उम्र 4 वर्ष एवं लड़की गुंजन भील उम्र 1 वर्ष है सूचना मिलने के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिवार में कुल चार भाई एवं एक बहिन है जिसमें से दो भाइयों की डूबने से मौत हो गई है।

चलती कार में आग लगी

श्रीगंगानगर। जिले के रायसिंहनगर कस्बे में श्रीविजयनगर मार्ग पर शनिवार दोपहर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार ड्राइवर समय रहते बाहर निकल आया और सुरक्षित रहा। घटनास्थल पर दो दुकानदार अजय गौतम और अरुण कड़वासरा ने तत्परता दिखाई। उन्होंने पानी की बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया। इसी दौरान नगर पालिका का दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ मिनटों में कार का अगला हिस्सा जलकर नष्ट हो गया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एंबुलेंस के कर्मचारी झगड़ते हुए मिले

झुंझुनूं। जिला मुख्यालय बीडीके अस्पताल परिसर में 108 एंबुलेंस के एक नशेड़ी चालक ने डेढ़ घंटे तक जमकर हंगामा किया। नशे में ड्राइवर गाली-गलौज और मारपीट करता रहा। इस दौरान पुलिसकर्मी भी वहां मौजूद थे। हालांकि घटना दो दिन पुरानी है। मंड्रेला की 108 एम्बुलेंस का ड्राइवर आनंद कुमार ने नशे की हालत में अपनी गाड़ी अस्पताल परिसर में खड़ी कर दी और हंगामा शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 108 एंबुलेंस में कार्यरत ईएमटी नवीन कुमार की निजी गाड़ी पर पत्थर मारकर उसका शीशा तोड़ दिया। इसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हुई जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद थी, लेकिन उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की। जब स्थानीय लोगों ने नशेड़ी चालक को पुलिस की 112 में बैठा दिया, तो एक पुलिसकर्मी ने उसे वापस बाहर निकाल कर छोड़ दिया। शराबी चालक ने नवीन कुमार के अलावा, एक और ईएमटी राहुल के साथ भी हाथापाई की, और यह सब पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में होता रहा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि चालक नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहा है और मारपीट कर रहा है। जबकि पुलिसकर्मी बस खड़े होकर देख रहे है। इस घटना ने लोगों

- **सीएमएचओ ने दोनों को हटाने के लिए लिखा पत्र**

को आक्रोशित कर दिया है और वे पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। इधर, कथित वीडियो वायरल होने के बाद सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने 108 एंबुलेंस सर्विस उपलब्ध कराने वाली कम्पनी को झगड़ने वाले स्टॉफ को नौकरी से हटाने के लिए लिखा है। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि उनको जैसे ही वायरल वीडियो की जानकारी मिलते ही नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल सेवा प्रदाता कम्पनी के एचआर सेल को इन दोनों कर्मियों को हटाने की अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए लिखा है। 108 जिला प्रभारी पर्वत सिंह ने बताया कि बीडीके अस्पताल में झगड़ने वाले स्टॉफ में बीडीके अस्पताल झुंझुनूं की 108 एंबुलेंस का नर्सिंग स्टॉफ नवीन बराला है। दूसरा सीएचसी मंड्रेला गाड़ी का ड्राइवर आनंद है। इनके दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कम्पनी एचआर की लिख दिया गया है। पर्वत सिंह ने बताया कि फिलहाल दोनों को ड्यूटी से हटाकर जयपुर जांच कमेटी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

पानी की डिग्गी में डूबे दो सगे भाई

बीकानेर। जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र के निकटवर्ती चक 8 केजेड़ी (बी) में एक ईंट-भट्टे पर बनी पानी की डिग्गी में डूबने से दो सगे भाईयों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतक नागौर के रहने वाले थे और अपने मां-बाप के साथ यहां आए हुए थे। मां-बाप इसी भट्टे पर मजदूरी करते थे।

खाजूवाला पुलिस थाने के एएसआई रावताराम मेघवाल ने बताया कि सामरदा के नजदीक स्थित चक 8 केजेड़ी (बी) पर एक ईंट-भट्टे पर नागौर के गोविंद राम मेघवाल का परिवार मजदूरी का काम करता हैं। जो गुरुवार सायं भी ईंट-भट्टे पर ईंट भराई का काम कर रहा था। वहीं पास में गोविंद राम के दोनों प राहुल (7) व दीपक (4) खेल रहे थे। तभी खेलते-खेलते दोनों भाई ईंट-भट्ठे पर बनी पानी की डिग्गी में पैर फिसलने से गिर गए और डूबने से मौत हो गई। पिता गोविंद राम ईंटों की गाड़ी भरकर झुग्गी पर आए और तब बेटों को संभाला तो वह नहीं दिखे। परिजनों ने जब तलाश की तो राहुल व दीपक दोनों भाइ्यों के शव डिग्गी में तैरते हुए मिले। रात करीब आठ बजे ग्रामीणों के सहयोग से दोनों शव निकालकर खाजूवाला उप जिला अस्पताल लाये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं खाजूवाला थानाधिकारी सुरेंद्र प्रजापत ने बताया कि राहुल व दीपक दोनों के शव अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाए और आज शुक्रवार को दोनों शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

1847 यूनिट रक्तदान हुआ

युवाओं एवं महिलाओं ने रक्तदान में बढ़-चढ़ कर भाग लियामदरसे

छीपाबडौद। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में अठावाल धर्मशाला शीतल बगीची में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर स्वर्गीय रामगोपाल बंसल बंजारी वाले की पुण्य स्मृति में 43 वें रक्तदान शिविर का आयोजन श्री रामगोपाल बंसल बंजारी चेरिटेबल ट्रस्ट के सोजन्य से किया गया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रिय विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी द्वारा भारतमाता एवं परिषद् के प्रेरणास्त्रोत विवेकानंद को दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सिंघवी ,राधेश्याम बंसल,दीपक गोयल अनुराग बंसल विशिष्ट अतिथि प्रधान नरेश कुमार मीणा,भाविप के क्षेत्रीय संयोजक किशन पाठक, प्रांतीय अध्यक्ष रविशंकर मूंदड़ा उपाध्यक्ष विजय सिंह कोषाध्यक्ष अरविंद गर्ग,पूर्व सरपंच गजेन्द्र जैन मुकेश गुप्ता,पराग टोंगिया एवं बारां छबड़ा से पधारे परिषद के पदाधिकारियों का अक्षत तिलक लगा अपर्णा पहनाकर स्वागत प्रांतीय संयोजक महेन्द्र नागर,जिला समन्वयक धीरज बाठला शाखा अध्यक्ष विक्रम सिंह हाड़ा, महिला संयोजिका नीलिमा गोयल,सचिव विकास सोनी कोषाध्यक्ष दीपक गोयल अकलेश गर्ग नरेन्द्र बाठला,लक्ष्मीकांत गोतम द्वारा किया गया।


श्री रामगोपाल बंसल बंजारी चेरिटेबल ट्रस्ट के सोजन्य से किया से छीपाबड़ौद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

रक्तदान प्रभारी दीपक गोयल एवं सहप्रभारी उपेन्द्र बंसल ने बताया कि जीवन धारा ब्लड बैंक बारां,कोटा ब्लड बैंक , कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक, अठावाल ब्लड बैंक, भारत विकास परिषद ब्लड बैंक एवं शहीद राजमल जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक बारां की टीमों द्वारा 1847 यूनिट रक्त का संठाहण किया। युवाओं महिलाओं,आदर्श विद्यामंदिर केलखेडी, सेवाभारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुशीला देवी आदर्श विद्या मंदिर विद्यालयों के स्टाफ द्वारा भी रक्तदान में बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। गिरिराज बंसल, रुपेश पारीक,अनिल जैन, आशीष बिंदल, पवन अहीर,नवीन नागर, हेमंत मित्तल,रूपचंद शर्मा, हितेश सिंघल , कौशल गोयल, विनोद सिंघल, समेत परिषद सदस्यों का सहयोग रहा

राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी का नाम सम्मान सूची से बाहर रहा

शाहपुरा, (नि.सं.)। गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में हर वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है।इस बार शिक्षा विभाग से जुड़े सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार जोशी ने कोझिकोड (केरल) में 2 से 7 अगस्त 2025 तक आयोजित नेशनल मास्टर क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया और पांचवां स्थान हासिल कर राज्य का गौरव बढ़ाया। नियमों के अनुसार विभाग को जोशी का नाम भी सम्मान सूची में भेजना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके विपरीत, अन्य कर्मचारियों के नाम जिला और ब्लॉक स्तर पर सम्मान के लिए भेज दिए गए। क्या एक खिलाड़ी, जो राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर राज्य और जिले का नाम रोशन कर रहा है, सम्मान का हकदार नहीं है?खिलाड़ी साल भर कठिन परिश्रम और अनुशासन से अपने गाँव, शहर, जिले और राजस्थान का नाम देशभर में रोशन करते हैं। ऐसे में जब उन्हें उचित सम्मान नहीं मिलता, तो उनके मनोबल पर नकारात्मक असर पड़ता है और उनमें हीन भावना पैदा होती है।यह मामला न केवल एक खिलाड़ी के साथ अन्याय है बल्कि विभागीय संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े करता है।

सुखवंत सिंह चावला मुख्य सेवादार, गगन सिंह सचिव बने

सूरतगढ़। बीकानेर रोड़ स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में नई कमेटी का गठन किया गया है। जिसने शनिवार को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कार्यभार संभाला। समूह साध संगत की सर्वसम्मति से गठित इस कमेटी में स. सुखवंत सिंह चावला को मुख्य सेवादार, स. गगन सिंह को सचिव और स. मनोहर सिंह भठेजा को कैशियर नियुक्त किया गया। नई कमेटी के गठन के साथ ही गुरुद्वारे में सेवा और लोक भलाई के कार्यों को नई गति देने का संकल्प लिया गया।

मुख्य सेवादार स. सुखवंत सिंह चावला ने कार्यकारी समिति में स. सुरजीत सिंह सग्गू और स. प्रीतम सिंह गिल को मीत सेवादार के रूप में नियुक्त किया। इस अवसर पर स. सुखवंत सिंह चावला के परिवार द्वारा गुरु का लंगर आयोजित किया गया, जिसमें साध संगत ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स. चावला ने कहा कि हमारा उद्देश्य सभी को साथ लेकर गुरु घर की सेवा और

- **गुरुद्वारे में सेवा और लोक भलाई के कार्यो को नई गति देने का संकल्प**

समाज कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाना है। गुरुद्वारे में जरूरतमंदों और राहगीरों के लिए 24 घंटे चाय और अटूट लंगर की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

नई कमेटी में स. त्रिलोक सिंह कलसी, स. मोहन सिंह, स. जसवीर सिंह, स. महेंद्र सिंह, स. सुखजिंदर सिंह, स. कृपाल सिंह, स. हरजिंदर सिंह, स. पुरुषोत्तम सिंह, स. हरविंदर सिंह फौजी, स. हरपाल सिंह, स. कुलदीप सिंह, स. जगदीश सिंह गिल, स. परमजीत सिंह और स. गुरदेव सिंह खालसा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

नई कमेटी ने एकजुट होकर गुरुद्वारे की सेवा और सामाजिक कार्यों में योगदान देने का वादा किया। स. गगन सिंह लबाणा ने सचिव के रूप में कमेटी की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने का भरोसा दिलाया।

बाबा रामदेव जागरण में देशभक्ति का संगम

श्रीगंगानगर। जैतसर में श्रीअजमल पैदल यात्री संघ की ओर से आयोजित बाबा रामदेव महाराज के विशाल जागरण में अध्यात्म और देशभक्ति का संगम देखने को मिला। महाराणा प्रताप चौक के पास 25वां वार्षिक जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत व्यापार मंडल अध्यक्ष नागर गर्ग, पूर्व अध्यक्ष राजवीर सिंह बिट्टू समेत कई लोगों की उपस्थिति में हुई। गांव बुगिया की टीकू राम भजन मंडली ने पांच राजस्थानी गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। गायक हरजीत कामरा ने बाबा रामदेव की आरती और स्तुति प्रस्तुत की।